ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 23-10-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-10-23 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-10-24	2023-10-25	2023-10-26	2023-10-27	2023-10-28
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	35.0	36.0	37.0	37.0	37.0
न्यूनतम तापमान(से.)	22.0	22.0	21.0	21.0	21.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	28	26	30	33
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	16	14	13	14	16
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	9	6	6	11	12
पवन दिशा (डिग्री)	117	154	198	208	244
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	1	7

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 35.0 से 37.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 21.0 से 22.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

मैथी की फसल की बुवाई का समय अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से नवंबर के पहले सप्ताह तक है। बुवाई के लिए खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। RMT-I व RMT-305 उन्नत किस्में है।

लघु संदेश सलाहकार:

किसान भाई रबी फसलों में दीमक और अन्य मिट्टी के कीड़ों को नियंत्रित करने के लिए अंतिम जुताई के समय क्विनालफॉस 1.5% @ 25 किग्रा प्रति हेक्टेयर की दर से दे।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चना	चने की उन्नत किस्मों जैसे सी. 235, आर.एस.जी 44, जी.एन.जी 663 वरदान, जी.एन.जी 2144 तीज, जी.एन.जी 2171 मीरा, जी.एन.जी 1488 संगम एंव आर.एस.जी 896 की बुवाई करें। फसल को जड़ गलन रोग से बचाने के लिए बीज को कार्बेण्डेजिम 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें। अंतिम जुताई

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	के समय 20 किलो नत्रजन व 25 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई के समय दें। बुवाई हेतु 80-100 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है।
सरसों	सिंचित क्षेत्र में सरसों/राया की बुवाई के लिए उचित समय अक्टूबर के अन्त तक है। आर.एच -30, बायो-902, आशीर्वाद, सी.एच 54, डी.आर.एम.आर.आई.जे 31 (गिरिरीज), पुसा सरसों 26, पुसा सरसों 27, वाई.एस.एच 0401 (पीली सरसों) एंव आर.जी.एन.145 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। अंतिम जुताई के समय 30 किलोग्राम नत्रजन तथा 35 किलोग्राम फॉस्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से दे। बीज को 30 सेंटीमीटर (कतार से कतार) तथा 10 सेंटीमीटर (पौधा से पौधा) की दूरी पर बोएं। बुवाई हेतु 4-5 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। फसल को सफेद रोली रोग के प्रकोप से बचाने के लिए बीज को मेटालेक्सिल 35 एस.डी 6 ग्राम प्रति किलो बीज की दर उपचारित करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
बेर	बेर को फल मक्खी के प्रकोप से बचाने के लिए इमिडाक्लोप्रिड 1 मिली लीटर प्रति 3 लीटर पानी या डाईमेथोरेट 1 मिली लीटर प्रति 1 लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।